## सार-समाचार

### नीमकाथाना में एसआईआर कार्य तेजी से जारी

**सीकर, (निसं)।** निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत उपखंड नीमकाथाना में कार्य तेजी से प्रगति पर है। उपखंड क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जा सकें। अब तक लगभग 80 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। उपखंड अधिकारी राजवीर यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में 4 नवम्बर से एसआईआर प्रक्रिया लागू कर दी गई है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत सभी वर्तमान मतदाताओं के परिगणना प्रपत्र बीएलओ के माध्यम से घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं तथा फॉर्म भरवाकर वापस एकत्रित करने का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सभी परिगणना प्रपत्रों को ऑनलाइन अपडेट करने का कार्य भी समानान्तर रूप से जारी है। उपखंड अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक मतदाता अपने परिगणना प्रपत्र भरकर समय पर संबंधित बीएलओ को जमा करवाएं, जिससे मतदाता सूची में किसी भी मतदाता का नाम छूटने से बचाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इच्छुक मतदाता स्वयं भी अपना परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते हैं। एसडीएम यादव ने स्पष्ट किया कि 2002 की पुरानी मतदाता सूची को आधार मानकर नई मतदाता सूची में मैपिंग की जा रही है, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रक्रिया में मतदाताओं को किसी प्रकार का अतिरिक्त दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है।

### अद्धर्वार्षिक परीक्षाएं कल से, प्रश्न पत्र वितरित

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में अद्धर्वार्षिक परीक्षाएं गुरुवार से शुरू होगी। जो दो दिसंबर तक चलेगी। राज्य समान परीक्षा कार्यक्रम के तहत होने वाली इस परीक्षा के लिए कक्षा नौ से 12 के परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्रों का मंगलवार को राजकीय शहीद परमवीर पीरूसिंह स्कूल से वितरण किया गया। डीईओ सैकंडरी राजेश मील ने बताया कि इस परीक्षा में कुल एक लाख 20 हजार 147 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें 43 हजार 325 सरकारी स्कूलों के तथा 76 हजार 822 परीक्षार्थी प्राइवेट स्कूलों के शामिल है। जिले के सभी 354 पीईईओ और यूसीईओ को प्रश्न पत्र वितरित किए गए है। जो परीक्षा वाले दिन थानों से पेपर अपने अपने विद्यालय लाएंगे और इनके अंतर्गत आने वाले सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल को पेपर शुरू होने के आधे घंटे पहले पेपर देंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी 11 सीबीईओ समेत जिला स्तरीय शिक्षा अधिकारी उड़न दस्तों की तरह स्कूलों का निरीक्षण कर परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता और पारदर्शिता को चैक करेंगे। पहली पारी का समय सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर पौने एक बजे तक तथा दूसरी दोपहर सवा बजे से शाम साढ़े चार बजे तक रखा गया है। आज पेपर वितरण के वक्त स्कूल में गहमागहमी का माहौल रहा। वितरण डीईओ सैकंडरी राजेश मील व एडीईओ सैकंडरी शैक्षिक प्रकोष्ठ राजेश हलवान की देखरेख में हुआ।

### भाजपा नेता सुरेश भूकर ने गोल्ड और सिल्वर बटन मिलने पर सम्मान किया

**चिड़ावा, (निसं)।** न्यू क्रिश डिफेंस अकेडमी चिड़ावा के यूट्ययूब चैनल पर एक चैनल पर 20 लाख, दूसरे चैनल के 10 लाख व तीसरे चैनल के एक लाख प्लस सब्सक्राइबर हुए। वहीं डिफेंस अकेडमी के फेसबुक ओर इंस्टाग्राम पेज पर चार लाख सब्सक्राइबर का आंकड़ा छू लिया है। अकेडमी के निदेशक विकास कुलहरि ने बताया कि चैनल के एक वर्ष पूर्ण होने पर न्यू क्रिश डिफेंस अकेडमी के स्टाफ ओर बच्चों ने खुशी के मौके पर एक समारोह का आयोजन रखा। जिसमे कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता सुरेश भूकर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा उद्यमी जयप्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों के कर कमलों द्वारा एक गोल्ड बटन व तीन सिल्वर बटन क्रियेटर अवार्ड बतौर डिफेंस अकेडमी चैनल के दिए गए। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का अकेडमी के निदेशक विकास कुलहरि द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रमोद शर्मा, निर्मल, प्रदीप, अजय, गौतम, रोहित, सुधा, बबिता, ममता, कोच अवदेश, यूट्ययूबर पंकज शर्मा, राकेश, योगेश, प्रीतम, सुनिल, नगेश, सौरभ, राहुल व अकेडमी के विद्यार्थी मौजूद रहे।

### शराब ठेकेदारों ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं, (निसं)।** शराब ठेकेदार यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उक्त मांगो को लेकर जयपुर में राजस्थान के शराब कारोबारियों का विशाल प्रदर्शन की बात ज्ञापन कही गई है। सौंपे गए ज्ञापन में लिखा गया है कि प्रदेशभर के मदिरा ठेकेदार अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत है। जिनका अभी तक निराकरण नहीं हुआ। सीएम से मांग की गई है कि मदिरा दुकानों को खोलने का समय रात्रि 11 बजे करने, मदिरा उठाव की गांरटी को त्रैमासिक करने, मद्य संयम नीति के पालन में पैनेल्टी को मार्जिन से ज्यादा नहीं लगाने, विभागीय तकनीकी खराबी का दंड अनुज्ञाधारियों पर नहीं लगाने, एएलएफ के माल को गारंटी में शामिल करने व कोरोना काल की बकाया को पूर्णतया समाप्त करने जैसी मांग है। ऐसी समस्याओं से निजात दिलाई जाए। ताकि दुकानों का संचालन नियमित और सही हो। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में जयसिंह गुर्जर, लखन सिंह, बीजू सिंह, इशफाक आदि प्रतिनिधि शामिल थे।

### पटवार संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

**रतनगढ़, (निसं)।** राजस्थान पटवार संघ रतनगढ़ इकाई के वर्ष 2025-26 के लिए चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। चुनाव अधिकारी द्वारा जारी परिणाम-पत्र के अनुसार संदीप कड़वासरा को संघ का अध्यक्ष चुना गया है। संघ में लंबे समय से सक्रिय और संगठनात्मक कार्यों में अग्रणी रहने वाले संदीप कडवासरा के चयन का सदस्यों ने स्वागत किया।उपाध्यक्ष पद पर अजय ढाका को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि महामंत्री के रूप में अजय गुर्जर का चयन किया गया है। कार्यकारिणी में संयुक्त मंत्री के रूप में रेखा बैरवा, संगठन मंत्री के पद पर बृजमोहन कुल्हरी, और कोषाध्यक्ष के रूप में पन्नालाल गिला को सम्मिलित किया गया है। नई टीम को संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

### निःशुल्क जांच शिविर आज

**झुंझुनूं, (निसं)।** मंडावा रोड स्थित दूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं में 19 नवंबर बुधवार को सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक निशुल्क बीएमडी जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। कूल्हा और घुटना जोड़ प्रत्यारोपण के सीनियर स्पेशलिस्ट डॉ. रामनिवास स्वर्णकार ने बताया कि जिसको भी जोड़ों में दर्द, अकड़न, लालीमा, सूजन, मांसपेसियों में कमजोरी आदि समस्या हों तो कैंप में निशुल्क बीएमडी की जांच करवाएं। बीएमडी जांच द्वारा हड्डियों एवं जोड़ों में कैल्सियम एवं अन्य मिनरल्स की जांच की जाएगी। डॉ. मोनिका दूकिया ने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को निशुल्क बीएमडी जॉच कैंप का आयोजन किया जाता है। जिससे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि दूकिया हॉस्पिटल में मां योजना (चिरंजीवी), ईसीएचएस, आरजीएचएस, ईएसआईसी में कूल्हे एवं घुटने जोड़ प्रत्यारोपण कैशलेस किए जाते है।

### छोटे पशुओं का भी बीमा करने की मांग

**कोलसिया, (निसं)।** बच्चों की तरह छोटे पशुओं का भी बीमा करने की मांग की गई है। किसान नेता सुभाष बुगालिया का कहना है कि छोटे बच्चों की तरह छोटे पशुओं का भी बीमा पशुपालन विभाग द्वारा किया जाना चाहिए। इन्होंने यह बात पनियों की ढाणी में अनिल कुमार ढाका के घर दस पाडियों की मौत हो जाने पर पशु चिकित्सकों व विधायक विक्रम सिंह जाखल को कही। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग केवल दुधारू पशुओं का ही बीमा कर रहा है वह सरासर गलत है। विभाग को सभी प्रकार के पशुधन का बीमा करना चाहिए ताकि उनके जीवन की भी सुरक्षा हो सके। गंभीर बीमारी पर उचित मुआवजा मिल सके तथा मालिक को इसके इलाज के लिए विततीय सहायता मिलती रहे।

### बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक 24 को

**सीकर (निसं)।** मुख्य आयोजना अधिकारी सीकर अंजली सैनी ने बताया कि बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 तक अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 24 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जायेगी।

# शराब से भरा कैंटर ट्रक में घुसा, चालक बाल-बाल बचा

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ पिलानी सडक मार्ग पर हमीरवास थाने के एक किलोमीटर आगे नीमा की ओर सोमवार व मंगलवार की मध्यरात्रि के बाद बहरोड से श्री गंगानगर की ओर जा रहा शराब से भरा एक कैंटर दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया।

मंगलवार शाम पांच बजे दी जानकारी के अनुसार ओवरटेक के दौरान सामने से अचानक एक वाहन आने पर कैंटर चालक वाहन को संभाल नहीं पाया और आगे चल रहे ट्रक में जा घुसा। हादसा इतना जबरदस्त था कि कैंटर का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया, लेकिन गनीमत रही कि चालक को गंभीर चोटें नहीं आई और वह बाल-बाल बच गया। वहीं हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और चालक को वाहन से सुरक्षित निकालने में बडी भूमिका निभाई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस और आबकारी विभाग को सूचना दी। वहीं सूचना मिलते ही आबकारी निरीक्षक राजगढ के विद्याधर पूनिया जाप्ते सहित मौके पर पहुंचे। विभाग ने बताया कि कैंटर में भरी शराब की कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है।




ऑवरटेक करते हमीरवास व नीमा गांव के बीच श्रीगंगानगर जा रहा शराब से भरा कैन्टर ट्रक में घुस गया।

हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क को एक तरफा कर ट्रैफिक को नियंत्रित किया गया ताकि जाम की स्थिति न बने।

आबकारी निरीक्षक विद्याधर पूनिया ने बताया कि कैंटर बहरोड से श्री गंगानगर की ओर शराब लेकर जा रहा था। ओवरटेक करते समय सामने से ट्रक आ गया, जिससे कैंटर ट्रक में जा घुसा। चालक को सुरक्षित निकाल लिया गया है। दूसरा वाहन बुलाकर जो माल सुरक्षित है, उसे श्री गंगानगर भेज दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग पर तेज रफ्तार और गलत ओवरटेकिंग के कारण आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गति नियंत्रण व्यवस्था, स्पीड ब्रेकर और नियमित निगरानी बढाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। कैंटर में शराब की भारी मात्रा लदी होने के बावजूद वाहन पलटा नहीं, जिसने एक बड़े हादसे को टाल दिया। यदि कैंटर पलट जाता, तो नुकसान कहीं अधिक हो सकता था।

# नेशनल हाइवे 11 पर दो बस में भिड़ंत, 10 घायल

■ घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

**रतनगढ़ (निसं)** नेशनल हाइवे 11 पर मंगलवार को दो निजी बसों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें आठ महिलाओं समेत कुल 10 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। राजलदेसर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब राजलदेसर से रतनगढ़ की ओर एक निजी बस रिपेयरिंग के काम से आ रही थी। इसी दौरान, सवारियों से भरी एक अन्य बस ने आगे चल रही इस बस को ओवरटेक करने की कोशिश की और पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार आठ महिलाओं सहित 10 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को रतनगढ़ के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों की टीम ने घायलों का तत्काल प्राथमिक उपचार किया। सौभाग्य से, किसी भी घायल को गंभीर चोट नहीं आई। प्राथमिक उपचार मिलने के बाद, डॉक्टरों ने सभी 10 घायलों को छुट्टी दे दी। राजलदेसर पुलिस ने बताया कि इस घटना को लेकर किसी भी पक्ष की ओर से कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस ने दोनों बसों को मौके से हटवाकर हाइवे पर यातायात को सामान्य कराया।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शक्ति दिवस मनाया

**सीकर, (निसं)।** राज्य सरकार के अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य लोगों को अनीमिया से मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खून की मात्रा की जांच की गई और खून बढ़ने दवा दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाडी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सीरप पिलाई गई।

प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों, 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी बालिकाओं तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की गई और आयरन की गोलियां दी गई। इसके अलावा कक्षा पांच से 12वीं तक के विद्यार्थियों को राजकीय विद्यालयों में आयरन की गोली खिलाई। छह से 59 माह तक बच्चे, पांच से नौ साल के बच्चे, 10 से 19 साल के किशोर-किशोर तथा 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती व धात्री महिलाओं को चिकित्सा संस्थानों पर भी आयरन फोलिक एसीड की गोलियां दी गई।

# जरूरतमंदों को कंबल व रजाई वितरित

**चूरू (निसं)।** ओसवाल पंचायत भवन में हर वर्ष की भांति समाजसेवी गिरधारी बावरी व वासुदेव अग्रवाल के आर्थिक सौजन्य व रतनीदेवी मुरलीधर बावरी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से रजाई एवं कंबल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित की गई। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, विधायक हरलाल सहारण, गुलाबनाथ व कैलाशनाथ रुकनसर आदि मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने कहा कि समाज सेवा का यह कार्य मानवता को मजबूत करता है और ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सेवा करना मनुष्य का परम धर्म है। हर समाजसेवी को सेवा जैसे पुनीत कार्य करने चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इस अवसर अजय लोहिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेंद्र चौबे, सुनील भाऊवाला, विश्वनाथ राजगुरू, गुरुदास भारती, मंगतूराम चोटिया, दिनेश शर्मा, पवन बगडिया, विनोद लुणियां, शेरू गोयनका, महेन्द्र राजगढ़िया, सुधाकर सहल, रामावतार लोहिया आदि मौजूद रहे।



रजाई एवं कंबल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल एवं रजाई वितरित किये गये।

## सार-समाचार

### 'स्थायी लोक अदालतों से आमजन को त्वरित मिलेगा'

**रतनगढ़ (निसं)** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के 30 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) ने 9 नवम्बर 2025 से तीन माह का विशेष अभियान शुरू किया है। न्याय आपके द्वार लोक उपयोगिता समस्याओं का सरल और त्वरित समाधानथीम के तहत चल रहे इस अभियान का उद्देश्य आमजन तक न्याय व्यवस्था को और अधिक सुलभ, सहज और प्रभावी रूप में पहुँचाना है। इस अभियान के तहतस्थायी लोक अदालतोंके माध्यम से लोक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों-जैसे बिजली, पानी, परिवहन, स्वास्थ्य सेवाएं, बैंकिंग, टेलीफोन, बीमा और नगर निकाय से संबंधित समस्याओं-काबिना शुल्क, बिना वकील और बिना जटिल प्रक्रियाके त्वरित समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।अभियान के दौरान रालसा द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें लोगों को स्थायी लोक अदालतों की कार्यप्रणाली, लाभ और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। रालसा अधिकारियों के अनुसार अभियान को इस प्रकार सरल बनाया गया है कि आम आदमी अपनी शिकायत सीधे हेल्पलाइन नंबर पर भी पंजीकृत करा सकता है। आवश्यक दस्तावेज न होने पर भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। सभी प्रक्रियाएं पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। रालसा ने बताया कि विवादों में दोनों पक्षों को समझाइश देकर समझौता करवाने का प्रयास किया जाता है। यदि समझौता नहीं हो पाता, तो लोक अदालत स्वयं निर्णय सुनाती है और यह निर्णय अंतिम माना जाता है। अधिक जानकारी एवं शिकायत हेतु रालसा की हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है9119365734 एवं 9928900900। रालसा का संकल्प समस्या आपकी, दायित्व हमारासुलभ न्याय, सुनिश्चित समाधान है।

### नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ मनाई गई

**पाटन (निसं)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय पाटन में नशा मुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने नशा मुक्ति के संकल्प को दोहराते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने बताया कि वर्षगांठ उपलक्ष्य में विद्यार्थियों एवं कार्मिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा जागरूकता रैली निकाली गई। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. योगेश कुमार सबल ने समाज में फैल रही नशे की बुराइयों तथा इसके दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आव्हान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी प्रो. किरण यादव ने बताया कि बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा प्रिया सैनी ने सभी विद्यार्थियों एवं कार्मिकों को नशा मुक्ति की शपथ का नेतृत्व किया, जिसमें लगभग 160 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नशा मुक्त भारत अभियान की प्रभारी प्रो. ज्योति शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने जागरूकता से भरपूर नारों के साथ रैली निकालकर समाज को नशा मुक्ति का संदेश दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. रीतू शर्मा, डॉ. धर्मवीर कुमावत, प्रो. जितेंद्र मीणा, एवं डॉ. सुम्मैया का विशेष योगदान रहा।महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

### भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ राष्ट्रीय जम्बुरी में भाग लेने के लिए रवाना

**रतनगढ़ (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ रतनगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेलूसर के 8 स्काउट प्रभारी स्काउटर मोहनलाल कुम्हार के नेतृत्व में लखनऊ में आयोजित होने वाली 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बुरी में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर पूर्व सीबीईओ कुलदीप व्यास, स्थानीय संघ स्काउट अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान, स्थानीय संघ रतनगढ़ के पूर्व सचिव नरेंद्र कुमार स्वामी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर स्थानीय संघ रतनगढ़ के सचिव राकेश कुमार नायक ने बताया कि स्थानीय संघ रतनगढ़ राष्ट्रीय जम्बुरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ भाग लेता आया है। इस अवसर पर स्थानीय संघ सरदारशहर से भाग लेने वाले दल प्रभारी बाबूलाल स्वामी सचिव, ट्रेनिंग काउंसलर सुरेश कुमार घोटड़, ट्रेनिंग काउंसलर गाइड इंदुबाला वर्मा, मिनाक्षी अग्रवाल और स्काउट गाइड का माला पहनाकर स्वागत किया गया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्थानीय संघ रतनगढ़ के स्काउट मास्टर सत्यनारायण गोठवाल, रामचंद्र, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालय में शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीकर (निसं)।** सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सबलपुरा में बाल कल्याण समिति, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस एवं गायत्री सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह रोकथाम एवं बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और विद्यालय समुदाय को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति सजग करना और बाल अधिकारों की समझ विकसित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल बरवड़ द्वारा किया गया। विद्यालय का समस्त स्टाफ इस अवसर पर मौजूद रहा और बच्चों को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाई।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलाई गई। गायत्री सेवा संस्थान और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्चों को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, और 2012 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिससे बच्चे स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए सजग हो सकें। बच्चों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध स्थिति, बाल विवाह, हिंसा या शोषण की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें-सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक उप-निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार और आत्म-जागरूकता ही एक मजबूत और सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने में बच्चों की जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग की ओर से सहायक उप-निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अंकुर बहड़, सदस्य बिहारीलाल बालन, गायत्री सेवा संस्थान से जिला समन्वयक नरेश कुमार सैनी, अभिषेक बगड़िया, जितेंद्र नाथावतपुरा एवं मीना कुमारी, तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से राकेश कुमार और कृष्ण मुकांत माथुर उपस्थित रहे।

# 'सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता'

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक निर्मल कलेर ने बताया कि इस सत्र में विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव को सफलतापूर्वक प्रबंधित करने और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सफलता के सूत्र प्रदान किए गए। सत्र के दौरान प्रिंस इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने विद्यार्थियों को बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और कड़ी मेहनत ही सफलता की एकमात्र कुंजी है।

# बाल जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित

**सूरजगढ़, (निसं)।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस एवं राजस्थान महिला कल्याण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीबीईओ अनिल शर्मा, एबीडीओ धर्मवीर व कार्यवाहक प्रधानाचार्य बिपाशा राज ने की। कार्यक्रम का संचालन मनोज एवं व्याख्याता सुनिता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विषय बचपन बचाओ पर राजस्थान महिला कल्याण मंडल से काउंसलर टीना, मनोज और अदिति मौजूद रहे। एसीबीईओ अनिल ने कहा बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। जागरूकता ही वह शक्ति है। जो बच्चों को हर परिस्थिति में सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त विकास अधिकारी धर्मवीर ने बच्चों को विभिन्न बाल-सुधार, सामाजिक कल्याण और सरकारी सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार बच्चों के शिक्षा, सुरक्षा और उत्थान के लिए कई प्रभावी योजनाएं चला रही है। जिनका लाभ हर ज़रूरतमंद बच्चे तक पहुंचना अनिवार्य है। टीना चौरसिया ने बताया कि यह कार्यक्रम राजस्थान महिला कल्याण मंडल और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस द्वारा संयुक्त रूप से संचालित 100 दिवसीय बाल-सुरक्षा एवं बाल-विवाह मुक्त अभियान का हिस्सा था। अभियान का उद्देश्य जिले के स्कूलों, समुदायों और पंचायतों में बच्चों के अधिकारों, बाल सुरक्षा, बाल विवाह निषेध और कानूनी जागरूकता को मजबूत करना है। इस अभियान के तहत जिलेभर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं और बाल-सुरक्षा संबंधित गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों को फील्ड समन्वयक अदिति और मनोज द्वारा बाल विवाह न करने और न होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस कंट्रोल रूम 112 तथा अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी भी दी गई। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या बिपाशा राज ने बाल कल्याण समिति, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस और राजस्थान महिला कल्याण मंडल का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वार्ता में किसान एकता ट्रैक्टर मार्च रैली सफल रही : सांसद कस्वां

**चूरू (निसं)।** किसान एकता ट्रेक्टर मार्च के बाद सर्किट हाउस में सांसद राहुल कस्वां ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

सांसद कस्वां ने बताया कि हमने सोमवार को ट्रेक्टर मार्च निकाल कर सरकार क़ो जगाने का काम किया। जिसको लेकर रतनपुरा गांव के आरोबी के पास प्रशासन ने ट्रेक्टर मार्च को आगे नहीं जाने दिया। सांसद ने बताया कि ट्रेक्टर मार्च को रोकने के पश्चात साढे पांच घण्टे धरने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रशासन ने राज्य सरकार से वार्ता की। धरना समाप्ति के पश्चात सांसद के नेतृत्व में सोमवार को कृषि मंत्री किरोडीलाल मीणा व जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत से वार्ता चली। जयपुर में देर रात तक चली वार्ता सकारात्मक रही।

सांसद ने कहा कि वार्ता में 500 करोड़ का बीमा क्लेम के बंद हो चुके दरवाजे को खोले गए। वार्ता में सांसद सहित प्रतिनिधिमंडल के 21 सदस्य मौजूद रहे। सांसद ने कहा एलीवेटेड रोड़ के लिए भी जल्द सेक्शन बजट पास होगा। सांसद कस्वां ने बताया कि हमारी मांगों के जो बिंदु थे, उन पर बिंदुवार चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि जयपुर में वार्ता के दौरान जिले के किसानों को 2021 खरीफ फसल का 500 करोड का क्लेम न मिलना, रबी की 2024-25 जिले के 144 फसल कटाई प्रयोगों पर बीमा कंपनी की आपत्ति डीजीआरसी लंबित होने पर, पीएम एफबीवाई योजना, एमएसपी में मध्यप्रदेश व हरियाणा की तर्ज पर भावांतर स्कीम शुरू की जाए, जेजेएम योजना, आरडीएसएस योजना, नोहर फीडर, सिधमुख कैनाल, चूरू एलिवेटेड सडक, झींगा मछली पालन के लिए बिजली की दरें कम करने, आरयूबी निर्माण का कार्य प्राथमिकता से करवाया जाने सहित अनेक मांगों को लेकर चर्चा की गई।



किसान एकता ट्रैक्टर मार्च के बाद सर्किट हाउस में सांसद राहुल कस्वां ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

प्रेस वार्ता में पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मण्डेलिया, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, रियाजत खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता कपूरिया, आदूराम न्यौल, मोहनलाल आर्य, जमील चौहान, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, हेमन्त सिहाग, नारायण बेनीवाल, ईरशाद मण्डेलिया सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।